दैनिक उत्तर उजाला-24.06.2024

# साहित्यकारों ने हिंदी रचनाओं का पाठ किया

## बकस्वाड़ में ग्रामालोक कार्यक्रम आयोजित



ग्रामलोक कार्यक्रम में भाग लेते साहित्यकार

**अल्मोड़ा।** साहित्य अकादमी के तत्वावधान में ग्राम बकस्वाड़, अल्मोड़ा में ग्रामालोक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें साहित्यकार त्रिभुवन गिरी, डा. हयात रावत, नवीन बिष्ट, विपिन जोशी, शंकर जोशी और डा. ललित चन्द्र जोशी ने अपनी हिंदी रचनाओं का पाठ किया।

इस कार्यक्रम के संयोजक और सदस्य परामर्श मंडल साहित्य अकादमी के प्रो. देव सिंह पोखरिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता त्रिभुवन गिरि महाराज ने की। मुख्य अतिथि के रूप में लमगड़ा ब्लॉक प्रमुख विक्रम सिंह बगडवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक प्रो देव सिंह पोखरिया ने साहित्य अकादमी के कार्यक्रमों की सूचना दी। उन्होंने बताया कि ग्रामालोक कार्यक्रम भारतवर्ष के ग्रामों में आयोजित हो रहे हैं। ग्रामों में क्षेत्र के कवियों की रचनाओं का पाठ किया जा रहा है। बकस्वाड़ गांव जैंती के समीप है। कई गांवों के मध्य में स्थित यह गांव सही मायने में यह ग्रामालोक है। उन्होंने बताया कि साहित्य अकादमी, मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर, भारत सरकार के अंतर्गत ग्रामालोक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। साहित्य अकादमी का यह कार्यक्रम इस गांव में पहली बार आयोजित हुआ है जिससे साहित्यिक पहचान मिलेगी। इस अवसर पर संचालन विपिन जोशी ने और आभार साहित्य अकादेमी के सदस्य प्रो देव सिंह पोखरिया ने किया। ग्रामालोक कार्यक्रम में तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।